Amt is Rs:12997166 ...

ISO 9001:2008, 14001:2004

# बिहार शहरी आधारभूत संरचना विकास निगम लि०

परियोजना निदेशक, बुडको, पटना पश्चिमी का कार्यालय

(बिहार सरकार का उपक्रम)

पत्रांक– ........1348

दिनांक– ........19/12/2025

पता : कमरा नं0–एस 33, ट्रॉजिस्ट हॉस्टल, इनकम टैक्स गोलम्बर, पटना– 800 001
E-mail ID – pdbuidcopatnawest@gmail.com

## "आदेश"

बुडको, पटना पश्चिमी अन्तर्गत राज्य सरकार द्वारा गठित उच्च स्तरीय समिति की अनुशंसा के आलोक में पटना में स्थायी जल–जमाव की समस्या के निदान हेतु पटना शहर में 22 स्थायी ड्रेनेज पम्पिंग स्टेशन का निर्माण कार्य अन्तर्गत Construction of 22 new drainage pumping station patna (Group-1) योजना के कार्यान्वयन हेतु संवेदक M/s Toshiba Water Solutions Pvt. Ltd. in JV with Kevadiya Construction Pvt. Ltd. द्वारा दिनांक – 20.04.2022 को एकरारनामा सम्पादित किया गया, जिसकी एकरारित राशि रूपये 153.60 करोड़ है। एकरारनामा के अनुसार दिनांक – 19.04.2023 तक M/s Toshiba Water solutions Pvt. Ltd. in JV with Kevadiya Construction Pvt. Ltd. द्वारा उक्त कार्य को पूर्ण किया जाना था। संवेदक को द्वितीय अवधि विस्तार करते हुए दिनांक– 30.04.2025 तक हर हाल में कार्य पूर्ण किये जाने हेतु लक्ष्य निर्धारित किया गया था। परन्तु संवेदक द्वारा अबतक उक्त कार्य को पूर्ण नहीं किया गया है। M/s Toshiba Water solutions Pvt. Ltd. in JV with Kevadiya Construction Pvt. Ltd. द्वारा उक्त योजना को निर्धारित लक्ष्य अन्तर्गत कार्य पूर्ण हेतु अपेक्षित कार्रवाई हेतु रूची नहीं ली जा रही है, जिसके फलस्वरूप योजना अपने निर्धारित लक्ष्य से काफी पीछे चल रही है।

उक्त योजनान्तर्गत M/s Toshiba Water solutions Pvt. Ltd. in JV with Kevadiya Construction Pvt. Ltd. द्वारा कुल 08 Nos. Drainage Pumping Station (DPS) का निर्माण किया जाना है, जिसमें संवेदक द्वारा अबतक कराये जा रहे कार्य की प्रगति निम्नवत् है–

1. कैनाल DPS – इस DPS के निर्माण में आवश्यकता से काफी कम मानवबल के द्वारा कार्य किया जा रहा है एवं निर्माण कार्य काफी धीमी है। इस परियोजना (DPS) का Civil Work का कार्य भी अभी शेष है, जबकि स्वीकृत एकरारनामा विस्तारित अवधि 30.04.2025 के अन्तर्गत सभी Civil एवं Electromechnical कार्य पूर्ण किये जाने का लक्ष्य निर्धारित था।
2. राजीव नगर DPS – कार्य स्थल पर कोई कार्य प्रगति पर नहीं है एवं Civil Work का कार्य भी अभी शेष है। वर्तमान में कार्य बन्द है।
3. बेउर बतौरा पुल DPS – कार्य स्थल पर कोई कार्य प्रगति पर नही है एवं इस DPS का Civil Work अभी तक पूर्ण नहीं किया गया है। वर्तमान में कार्य बन्द है.।
4. आनन्द बाजार दानापुर DPS - कार्य स्थल पर कोई कार्य प्रगति पर नही है एवं इस DPS का Civil Work अभी तक पूर्ण नहीं किया गया है। वर्तमान में कार्य बन्द है।

उक्त योजना के कार्यान्वयन अवधि लगभग तीन वर्ष आठ माह बीत जाने के उपरान्त भी कुल भौतिक प्रगति निर्धारित लक्ष्य से काफी पीछे है। वर्तमान में कार्य की प्रगति को देखते हुए स्पष्ट है कि M/s Toshiba Water solutions Pvt. Ltd. in JV with Kevadiya Construction Pvt. Ltd. द्वारा कार्य में रूची नहीं लिया जा रहा है। उक्त कार्य के धीमी प्रगति को देखते हुए परिलक्षित होता है कि निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत कार्य पूर्ण किये जाने में लापरवाही बरती गई है। इस संबंध में वरीय पदाधिकारियों द्वारा अनेकों बार असंतोष व्यक्त किया गया। इस प्रकार निर्माण कार्य में M/s Toshiba

1101
20/12/25

Scanned with OKEN Scanner

Water solutions Pvt. Ltd. in JV with Kevadiya Construction Pvt. Ltd. द्वारा अतिशत शिथिलता बरती जा रही है, जो कार्य में गम्भीर लापरवाही, स्वेच्छाचारिता एवं अकर्मण्यता द्योतक है।

M/s Toshiba Water solutions Pvt. Ltd. in JV with Kevadiya Construction Pvt. Ltd. द्वारा योजना के कई अवयवों में अबतक कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है एवं कई अवयवों में कार्य की प्रगति नगण्य है। इससे स्पष्ट है कि संवेदक द्वारा कार्यो को ससमय पूर्ण करने हेतु पर्याप्त मात्रा में मानवबल एवं मशीनरी की व्यवस्था नहीं की गई है एवं कार्यबल की संख्या में बढ़ोतरी हेतु बार-बार निदेशित किये जाने के बावजूद संवेदक द्वारा समुचित रूची नहीं ली जा रही है। वरीय पदाधिकारियों द्वारा एवं इस कार्यालय द्वारा बार-बार संवेदक को कार्य की प्रगति में सुधार लाने हेतु पत्राचार किया जा चुका है, परन्तु संवेदक द्वारा कार्य की प्रगति में सुधार नहीं लाया गया एवं कार्य पूर्ण नहीं किया गया।

उपरोक्त के आलोक में इस कार्यालय के पत्रांक- 1240, दिनांक- 05.12.2025 द्वारा संवेदक को नोटिस देते हुए स्पष्टीकरण की मांग की गई कि तीन दिनों के अन्दर स्पष्ट करें कि क्यों नहीं कार्य में लापरवाही, अकर्मण्यता एवं स्वेच्छाचारिता एवं एकरारनामा के अनुसार कार्य निष्पादन में चूक के आलोक में एकरारनामा के सुसंगत प्रावधानों तथा पथ निर्माण विभाग के आदेश ज्ञापांक-प्र0 6/द0वि0 नियम 03-03/2004-2131(S), दिनांक- 13.03.2019 के तहत अगले निविदा में भाग लेने से संचित (डिबार) किया जाय। साथ ही निदेश दिया गया था कि इस योजनान्तर्गत सभी अवशेष कार्यो को शीघ्र-अतिशीघ्र पूर्ण कराना सुनिश्चित करें अन्यथा बाध्य होकर एकरारनामा के अनुसार अग्रेतर कार्रवाई की जायेगी। परन्तु M/s Toshiba Water solutions Pvt. Ltd. in JV with Kevadiya Construction Pvt. Ltd द्वारा स्पष्टीकरण का जवाब अबतक समर्पित नहीं किया गया है। यह स्पष्ट है कि M/s Toshiba Water solutions Pvt. Ltd. in JV with Kevadiya Construction Pvt. Ltd द्वारा उक्त के संदर्भ में कुछ नहीं कहना है।

अतः उपरोक्त तथ्यों के आलोक में M/s Toshiba Water solutions Pvt. Ltd. in JV with Kevadiya Construction Pvt. Ltd को Construction of 22 Drainage Pumping Station Group-1 योजना के एकरारनामा के उल्लंघन एवं कार्य में लापरवाही, अकर्मण्यता एवं स्वेच्छाचारिता एकरारनामा के अनुसार कार्य निष्पादन में चूक के आलोक में एकरारनामा के सुसंगत प्रावधानों तथा पथ निर्माण विभाग के आदेश ज्ञापांक-प्र0 6/द0वि0 नियम 03-03/2004-2131(S), दिनांक- 13.03.2019 के तहत पांच वर्षो के लिए निविदा में भाग लेने से वंचित (डिबार) किया जाता है।

ह0/-
परियोजना निदेशक,
बुडको, पटना पश्चिमी।

ज्ञापांक- 1348                    दिनांक- 19/12/2025

प्रतिलिपि – प्रबंध निदेशक, बुडको, पटना को सादर सूचनार्थ समर्पित।
प्रतिलिपि – सभी मुख्य महाप्रबंधक, बुडको, पटना को सादर सूचनार्थ समर्पित।
प्रतिलिपि – सभी प्रबंधक, बुडको, पटना को सादर सूचनार्थ समर्पित।
प्रतिलिपि – सभी परियोजना निदेशक, बुडको, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ समर्पित।
प्रतिलिपि – प्रबंधक (विधि)/प्रबंधक (सू0त0), बुडको, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
प्रतिलिपि – M/s Toshiba Water solutions Pvt. Ltd. in JV with Kevadiya Construction Pvt. Ltd को सूचनार्थ प्रेषित।

19.12.25

परियोजना निदेशक,
बुडको, पटना पश्चिमी।

Scanned with OKEN Scanner